Australian Government
Services Australia

HINDI

# चाइल्ड स्पोर्ट (बाल सहायता) आपके Family Tax Benefit को कैसे प्रभावित करती है।

यदि आपको Family Tax Benefit मिलता है और आप अपने बच्चे के दूसरे अभिभावक के साथ रिश्ता नहीं रखते/ती हैं, तो आपको चाइल्ड स्पोर्ट के लिए आवेदन करने की जरूरत हो सकती है।

## चाइल्ड स्पोर्ट (बाल सहायता) का क्या अर्थ है

चाइल्ड स्पोर्ट का अर्थ एक अभिभावक द्वारा दूसरे अभिभावक को अपने बच्चे की देखभाल का खर्चा उठाने में मदद के लिए दी जाने वाली राशि से है।

बच्चे के पालन-पोषण का खर्चा उठाने की जिम्मेदारी दोनों अभिभावकों की होती है, भले ही वे एक-दूसरे से रिश्ता न रखते हों या उनमें से कोई एक विदेश में रहता हो।

जब आप चाइल्ड स्पोर्ट के लिए आवेदन करते/ती हैं, तो हम आपको और दूसरे अभिभावक को इस बारे में बताएँगे कि किसे चाइल्ड स्पोर्ट देनी है और कितनी देनी है।

Services Australia भी आपके लिए इस राशि को इकट्ठा कर सकता है।

## चाइल्ड स्पोर्ट आपके Family Tax Benefit को कैसे प्रभावित कर सकती है

चाइल्ड स्पोर्ट भुगतान और Family Tax Benefit Part A जुड़े हुए हैं।

जो राशि आप चाइल्ड स्पोर्ट के रूप में प्राप्त करते /ती हैं ,वह आपके Family Tax Benefit Part A को प्रभावित कर सकती है।

यदि आपके पिछले रिश्ते से कोई बच्चा है और आपको Family Tax Benefit मिलता है, तो आप चाइल्ड स्पोर्ट के लिए आवेदन एक निर्धारित समय के अंदर ही कर सकते/ती हैं।

इस समय के बाद, यदि आपने चाइल्ड स्पोर्ट के लिए आवेदन नहीं किया है या अपने विकल्पों के बारे में जानने के लिए हमसे संपर्क नहीं किया है, तो आवेदन करने तक आपको कम Family Tax Benefit मिल सकता है।

यदि आप किसी कारणवश चाइल्ड स्पोर्ट के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे/ही हैं, तो आपको हमें इस बारे में सूचित करना होगा।

## चाइल्ड स्पोर्ट के लिए आवेदन कैसे करें

चाइल्ड स्पोर्ट के लिए आवेदन करने के लिए, आपको हमारे Services Australia Child Support स्टाफ़ को **131 272** पर कॉल करना होगा।

आपके आवेदन को स्वीकार करने के लिए, हमें यह जाँचना होगा कि बच्चे के जन्मदाता अभिभावक कौन हैं। हम आपको कुछ प्रश्नों का उत्तर देने या कुछ कागजी कार्रवाई देने के लिए कह सकते हैं। हमें आमतौर पर दूसरे अभिभावक से भी बात करने की ज़रूरत होती है।

## यदि आप चाइल्ड स्पोर्ट के लिए आवेदन नहीं कर सकते/ती हैं

आप हमें उन कारणों के बारे में बता सकते/ती हैं जिनके चलते आप अपने बच्चे के दूसरे अभिभावक से चाइल्ड स्पोर्ट के लिए आवेदन नहीं कर सकते/ती हैं। इन कारणों में ये शामिल हो सकते हैं:

- सांस्कृतिक कारण
- परिवार और घरेलू हिंसा
- यदि चाइल्ड स्पोर्ट की माँग करने से आप असुरक्षित महसूस करते/ती हैं
- अन्य संवेदनशील कारण

आपको हमारे किसी सामाजिक कार्यकर्ता से बात करनी होगी और उन्हें इस बारे में बताना होगा कि आप चाइल्ड स्पोर्ट के लिए आवेदन क्यों नहीं कर सकते/ती हैं।

फिर हम आपको छूट दे सकते हैं, ताकि आपको दूसरे अभिभावक से चाइल्ड स्पोर्ट माँगने की ज़रूरत न पड़े।

## अधिक जानकारी के लिए

- हमारे साथ अपनी भाषा में बात करने के लिए **131 202** पर कॉल करें और हमें Family Tax Benefit और आवेदन न करने की अपनी असमर्थता के बारे में सूचित करें।
- अपने स्थानीय Services Australia सेवा केंद्र पर जाएँ।
- अपनी भाषा में जानकारी पढ़ने, सुनने या देखने के लिए **servicesaustralia.gov.au/yourlanguage** पर जाएँ।

## अस्वीकरण

इस प्रकाशन में दी गई सूचना का उद्देश्य भुगतानों और सेवाओं के बारे में केवल दिशा-निर्देश प्रस्तुत करना है। यह तय करना आपकी ज़िम्मेदारी है कि यदि आप अपनी परिस्थितियों के आधार पर भुगतान के लिए आवेदन करना चाहते/ती है या नहीं और आवेदनपत्र देना चाहते/ती हैं या नहीं।

Australian Government
Services Australia

ENGLISH

# How child support affects your Family Tax Benefit

If you get Family Tax Benefit and you are not in a relationship with the other parent of your child, you might need to apply for child support.

## What is child support

Child support is money a parent pays to the other parent to help with the costs of looking after their child.

Both parents are responsible for the costs of bringing up a child even if they are not in a relationship or one of the parents lives overseas.

When you apply for child support, we will tell you and the other parent who needs to pay child support and how much to pay.

Services Australia can also collect this money for you.

## How child support can affect your Family Tax Benefit

Child support payments and Family Tax Benefit Part A are linked.

The amount of child support you get can affect your Family Tax Benefit Part A.

If you have a child from a previous relationship and get Family Tax Benefit, you have a set time to apply for child support.

After this time, if you have not applied for child support or contacted us to talk about your options, you may get less Family Tax Benefit until you apply.

If there are reasons you cannot apply for child support, you need to let us know.

## How to apply for child support

To apply for child support, you will need to call our Services Australia Child Support staff on **131 272**.

To accept your application, we need to check who the birth parents of the child are. We may ask you to answer some questions or give us some paperwork. We usually need to talk to the other parent too.

## If you cannot apply for child support

You can let us know if there are reasons you cannot apply for child support from the other parent of your child. These can be:

- cultural reasons
- family and domestic violence
- if claiming child support makes you feel unsafe
- other reasons that are sensitive.

You will need to talk to one of our social workers and tell them why you cannot apply for child support.

We can then give you an exemption, so you do not need to ask for child support from the other parent.

## For more information

- Call **131 202** to speak with us in your language about Family Tax Benefit and if you cannot apply for child support.
- Visit your local Services Australia service centre.
- Go to **servicesaustralia.gov.au/yourlanguage** where you can read, listen to or watch information in your language.

## Disclaimer

The information contained in this publication is intended only as a guide to payments and services. It's your responsibility to decide if you wish to apply for a payment and to make an application with regard to your particular circumstances.